# सरस्वती की साधना से ही ज्ञान की प्राप्ति संभव

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित मलयप्रभ सागर जी ने कहा कि सरस्वती की साधना से ही हमारा अज्ञान दूर होकर सम्यक ज्ञान की प्राप्ति होती है। सम्यक ज्ञान से ही हमें सही और गलत की पहचान हो सकती है। गुरुवर मलयप्रभ सागर जी ने गुरुवार को अपने जीवन के 22वें वर्ष में प्रवेश किया। सिर्फ बाईस वर्ष की अल्पायु में संस्कृत में न्याय, व्याकरण, महाभाष्य की उच्च शिक्षा बेंगलूरु में ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा, पूर्व अध्यक्ष महैन्द्र कुमार रांका, कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी, संघवी



विजयराज डोसी, पुखराज कवाड एवं दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुवर को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विमलनाथ जिनालय में शक्रस्तव महापूजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें सकल संघ के सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्ट के ललित डाकलिया ने बताया कि आपने आज से ग्यारह वर्ष पूर्व खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभ सुरीश्वर जी के पास जैन भगवती दीक्षा ग्रहण की थी। इससे पूर्व मरुधर में नागौर चैन्नई निवासी मलयप्रभ सागर जी नौ वर्ष की आयु में दो वर्षो तक बचपन में प्रथम नवकार श्रवण करवाने वाले, बचपन से ही संस्कारों का वपन करने वाले गच्छ गणिनी प्रवरा साध्वी सुलोचना श्री जी के पास वास करके धार्मिक शिक्षा और संस्कार ग्रहण किए। आपके माता पिता की आपके जन्म के समय से ही प्रबल भावना थी कि आपको जिनशासन में महावीर के सिपाही बनाकर जैन दीक्षा प्रदान करवाएंगे। आपके साथ आपके माताजी ने भी दीक्षा ग्रहण की है जो अभी साध्वी श्री प्रियस्वर्णांजना जी के साथ प्रियमुद्रांजना जी के नाम से बेंगलूरु में ही चातुर्मासार्थ विराजमान हैं। मलयप्रभ सागर जी बचपन से ही गुरु के प्रति समर्पण भावना, पापभीरुता, उग्र स्वाध्याय में रुचि, विनय गुण सम्पन्न, कुशाग्र बुद्धि के धनी हैं।

# पूनम मेला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आसोजी शाश्वत ओली के अंतीम दिन शरद पूनम मेला का आयोजन दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ श्री संकट मोचन पार्श्व भैरव धाम अरसीकेरे मध्ये मरुधर में किया गया। जिसका दुन्दाडा निवासी महावीरचंद, शुभमकुमार संचेती परिवार बेंगलूरु ने संपूर्ण लाभ लिया और बेंगलूरु से बसों द्वारा संघ का आयोजन किया। होसपेट एवं शिवमोग्गा से भी बस की व्यवस्था कर पार्श्व भैरव महापुजन का लाभ लिया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की तांत लगी रही। तुषार गुरु के मंत्रोच्चार के साथ संभव संगीत मंडल ने सुमधुर संगीतमय वातावरण बनाया। पूनम परंपरागत भैरवदेव को छप्पनभोग, 108 श्रीफल, पुष्प अर्पण एवं तेल चढाना लाभार्थियों द्वारा संपन्न हुआ। बेंगलूरु के जैन संगीतकार दिलखुश बाफणा के साथ प्रकाश राठोड, रिंकु बाफणा, प्रेमलता ने अपने मधुर कंठ से सुप्रसिद्ध भजनों से एकत्रित जन सैलाब को नाचने पर मजबूर किया। आयोजन में शामिल जवेरीलाल लुणावत ने तीर्थ संबंधित बात कही। बेंगलूरु से राष्ट्रीय भैरव भक्त परिवार के तत्वावधान में पूनम संघ यात्रा राकेश सालेचा के संयोजन में रहा। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोककुमार सुराना ने लाभार्थी परिवार का स्वागत एवं बहुमान किया। इस अवसर पर ट्रस्टी पारसमल वेद मुथा, मांगीलाल मेहता, डॉ.विजय कुमार सुराना, रमेश कटारिया, मनोहरलाल सुराना के साथ भंवरलाल मोदी, गौतमचंद संचेती, उत्तमचंद संचेती, विजयराज विनायकिया, महावीर पीपाडा, राहुल, केवलचंद सालेचा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# राजाजीनगर संघ ने आचार्य महाश्रमण के दर्शन वंदन का लिया लाभ



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ट्रस्ट, राजाजीनगर से अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय संघ ने, जिसमें 100 से अधिक श्रावक श्राविका शामिल थे, गुजरात के सूरत शहर में विराजित तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी के दर्शन वंदन का लाभ लिया। आचार्य श्री की सेवा करते हुए गुरुदेव के समक्ष राजाजीनगर तेरापंथ भवन में आयोजित आध्यात्मिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। गुरुदेव से भवन में प्रतिवर्ष चातुर्मास एवं शेषकॉल में चारित्र आत्माओं का लंबा प्रवास प्रदान करने का पुरजोर निवेदन किया गया। गुरुदेव ने मंगल प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए श्रावक समाज में धर्म के प्रति निरंतर जागृति बनी रहे, बेंगलूरु में विचरित चारित्र आत्माओं की सेवा करने की प्रेरणा दी। साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभाजी के दर्शन किए एवं मार्ग दर्शन प्राप्त किया। साध्वी प्रमुखा ने मंगल उद्बोधन प्रदान करते हुए निवेदन पर चिंतन करने का आश्वासन दिया। संघ ने मुख्य मुनि महावीर कुमार जी, साध्वी समबुद्धयशाजी, सभा पर्यवेक्षक विश्रुत मुनिजी एवं गुरुकुल वाश में विराजित चारित्र आत्माओं की सेवा उपासना की। गुरुदर्शनार्थ संघ के संयोजक सतीश पोरवाड एवं अरविंद गन्ना ने संपूर्ण यात्रा का सुंदर संयोजन किया।

# दिव्यांगों को कृत्रिम पैर लगाया



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर में बेंगलूरु के अश्विन सेमलानी व उनके मित्र मंडल द्वारा किम्स परिसर में स्थित महावीर लिंब सेंटर में आयोजित शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम पैर लगाए गए। शिविर का उद्घाटन दक्षिण पश्चिम रेलवे बेंगलूरु मंडल सलाहकार समिति सदस्य (डीआरयूसीसी) समाजसेवी अश्विन सेमलानी, मुरसावीर मठ विद्यावर्धक संघ के पूर्व अध्यक्ष जीएम चिकमठ, हुडा के चेयरमैन शाकिर सनादी, पूर्व चेयरमैन अनवर मुधोल, समाज शिरोमणि महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी, चेयरमैन गौतम गोलेछा ने जरूरतमंदों को कृत्रिम पैर लगाकर किया। समाजसेवी महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी के 59वें जन्म दिन के अवसर पर इस शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अश्विन सेमलानी ने कहा कि समाजसेवी महेंद्र सिंघी से वे पिछले कई वर्षो से जुड़े हुए है। उनकी कार्यशैली अत्यंत ही प्रशंसनीय है। वे सभी को साथ लेकर चलते है। समाजसेवा के कार्यो में सदैव तत्पर रहते है। उन्होंने कहा आज के इस युग में लोग सेवा के कार्य कम करते है परन्तु दिखावा अधिक करते है। लेकिन सिंघी के नेतृत्व में जो कार्य करने का अनुभव हमें मिला है, इससे हमें बहुत कुछ सिखने को मिला है। इस मौके पर बेंगलूरु से विनोद चौहान, संजय मुथा, तनिश ललवानी, मनीष मेहता, सुरेश भुरट और वसंत विनायकिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने किया निर्माण कार्य का मुआयना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक होजरी एव गारमेंट्स एसोसिएशन (खागा) की शिकायत पर शुक्रवार को बीबीएमपी और बीडब्ल्यूएसएसबी के अधिकारियों ने एएस चार स्ट्रीट के निर्माण कार्य का मुआयना किया।

खागा अध्यक्ष प्रकाश भोजाणी, मंत्री कैलाश बालर, पूर्व अध्यक्ष सज्जनराज मेहता, लाल बिल्डिंग के याकेश ने बीबीएमपी के वरिष्ठ अधिकारी देवराज, वसंत कुमार और बीडब्ल्यूएसएसबी के देसाई और मंजुनाथ के साथ विस्तृत चर्चा की। सज्जन राज मेहता ने फोन पर बीबीएमपी के चेयरमैन आईएएस अधिकारी तुषार गिरीनाथ से अगले 3 -4 दिनों में एक बार समतल सड़क बनाकर बाकी के वाइट टॉपिंग का कार्य दीवाली के बाद करने का आग्रह किया था। ठेकेदार योगेश और नवीन कुमार ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चिकपेट मेट्रो स्टेशन के मुख्य द्वार के नजदीक होने के कारण और दीवाली पर नागरिकों को कम असुविधा हो, व्यापार में अभिवृद्धि हो के लक्ष्य के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री और विधायक दिनेश गुंडूराव का मार्गदर्शन भी निरंतर मिल रहा हैं।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। मैत्री संस्कृत संस्कृति प्रतिष्ठानम द्वारा चौड़ेय्या मेमोरियल हॉल व्यालीकावल में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में महेंद्र मुणोत को प्रतिष्ठानम के प्रमुख नायक एवं अन्य ने संस्कृत संस्कृति संबंधा पुस्तक की प्रति भेंट की।*

# धर्मचक्र तप के तपस्वियों का कराया पारणा

**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में पार्श्वनाथ जैन मंदिर के भवन में चातुर्मासार्थ विराजित आगमरत्न सागरजी, प्रशमरत्न सागरजी और वज्ररत्न सागरजी के पावन सानिध्य और प्रेरणा में चल रहे धर्मचक्र तप एवं आगमरत्न सागरजी की 31वीं ओली पूर्णाहुति निमित्त पंचान्हिका महोत्सव के तहत शुक्रवार सुबह धर्मचक्र तप के तपस्वियों का पारणा स्टेशन मार्ग पर स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर के प्रांगण में कराया गया।



बंधुत्रिपुटी मुनिराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मांगलिक दिया। शाम को भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया गया। संगीतकार अनीश राठौड़ ने एक से बढकर एक गानों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष पंकज बाफना, समिति सदस्य निर्मल पारेख, महेंद्र बंदा, हरीश शाह, सचिन जैन, विनोद फोलामुथा, धीरज बाफना, मदनलाल ओसवाल, राजेश श्रीश्रीमाल, बाबूलाल खिवेसरा, राजेंद्र कोठारी, संघ के ट्रस्टी गौतमचंद कवाड़, निर्भयलाल हुंडिया, दलिचंद कवाड़, जवाहरलाल बंदा समेत बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। टी. दासरहल्ली तेरापंथ सभा भवन में शरद पूर्णिमा के अवसर पर सकल जैन समाज महिला मित्र मंडल द्वारा गरबा डांडिया का आयोजन किया गया।*

# भाजपा से टिकट देने के लिए रंगदारी मांगने के मामले की जांच चल रही: दयानंद

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर के पुलिस आयुक्त दयानंद ने कहा कि बसवेश्वर नगर पुलिस स्टेशन भाजपा का टिकट देने के लिए 2 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले की जांच कर रही है। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान आरोपियों ने टिकट का लालच देकर 2 करोड़ रुपये वसूले थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने बिना टिकट दिए और बिना पैसे लौटाए धोखाधड़ी और जातिगत दुर्व्यवहार किया। इस संबंध में बसवेश्वर नगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट



गयी है। भाई-बहन समेत तीनों आरोपियों को धीरे-धीरे 2 करोड़ रुपये मिल गए। उन्होंने कहा कि दर्शन व अन्य को राजकीय आतिथ्य देने के मामले में अग्रहारा थाने में दर्ज तीन मामलों की जांच अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही आरोप पत्र दाखिल करेंगे। हम नशीली दवाओं को पूरी तरह से रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान कमिश्नर ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि हमारी पुलिस रोजाना दवाओं के परिवहन, बिक्री और भंडारण पर नजर रख रही है।

# मुडा हमले के पीछे न तो केंद्र सरकार और न ही भाजपा: अशोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कांग्रेस के इस आरोप को खारिज कर दिया है कि मुडा कार्यालय और आवास पर ईडी अधिकारियों द्वारा की गई छापेमारी में केंद्र सरकार या भाजपा की कोई संलिप्तता नहीं थी। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी कोई हमला होता है तो कांग्रेस का केंद्र पर आरोप लगाना सामान्य बात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैसूरु में मुडा कार्यालय और मामले के चौथे आरोपी देवराज के आवास पर ईडी की छापेमारी का हमारी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।



आखिरकार, यह भाजपा नहीं थी जिसने ईडी से शिकायत की थी। मैसूरु स्थित सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमई कृष्णा ने 500 पन्नों का एक दस्तावेज जमा किया था। साथ ही ईडी के अधिकारियों ने खुद उनसे बयान लिया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा की भूमिका कहां से आती है। सिद्धरामैया की साइट्स ही नहीं बल्कि 3-4 हजार करोड़ की संपत्ति अवैध है, जिस स्नेहमई कृष्णा की शिकायत पर ईडी ने छापा मारा था, उसके आधार पर मारी गौड़ा ने खुद सरकार को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। इसके बाद स्नेहमई ने शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने खुद अवैध होने की बात कही है। इस प्रकार उन्होंने दोहराया कि ईडी का यह हमला राजनीति से प्रेरित नहीं था। 3-4 हजार करोड़ का अवैध मामला है। क्या इतना पैसा सरकारी खजाने में आये तो अच्छा नहीं है? उन्होंने कहा कि हमने ईडी के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट का चिकमगलूरु में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है।

युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि मोहजीत कुमार जी के सानिध्य में चिकमगलूरु तेरापंथ सभा भवन में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के बेंगलूरु, मैसूरु, हुब्बल्ली, धारवाड़, चिकमगलूरु आदि क्षेत्र से बच्चे उत्साह के साथ भाग ले रहे है। जिसका विषय व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण है, जिसमें संगीत, भाषण, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता शामिल हैं। यहां के अध्यक्ष मंजू भंसाली एवं मंत्री गौतम अच्छा ने पूरी तैयारी की है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेंगलूरु से अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट के राष्ट्रीय संयोजक एवं अनुविभा के संगठन मंत्री राजेश चावत, सुभद्रा लुणावत, लाभेश कांसवा एवं अनेक व्यक्तियों की उपस्थिति होगी। जीतने वाला विजेता सूरत में नेशनल लेवल में पहुंचेगा।

# केंद्रीय मंत्री के परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले को गंभीरता से लिया जा रहा: गृह मंत्री

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने के बाद मामले पर गंभीरता से विचार होना स्वाभाविक है। फिलहाल गोपाल जोशी और अन्य लोग लापता हैं। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस कानून के मुताबिक जो करना होगा वह करेगी। टिकट रिश्वत मामले में गोपाल जोशी के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, जो उनके भाई भी हैं, की भूमिका के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में अचानक से बयान देना हमारे लिए ठीक नहीं है।



पहले गोपाल जोशी को गिरफ्तार कर बयान लेना होगा। क्या जांच के बाद केंद्रीय मंत्री की सीधी भूमिका है? या फिर ऐसा नहीं है, जांच के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि चैत्र कुंडापुर समेत ऐसे मामलों पर बिना रिपोर्ट के बात करना ठीक नहीं है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव की पत्नी की शिकायत के आधार पर अदालत ने गैर जमानत वारंट जारी किया है। अगली कार्रवाई के संबंध में कोर्ट से निर्देश मांगा गया है। उन्होंने कहा कि निर्देश के आधार पर गिरफ्तारी समेत निर्धारित कार्रवाई की जायेगी। कलबुर्गी केंद्रीय जेल में मोबाइल फोन के उपयोग और अन्य गतिविधियों पर पुलिस महानिदेशक स्वयं स्थल निरीक्षण करेंगे और रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह उचित कार्रवाई करेंगे। पुलिस विभाग में पति-पत्नी के केस ट्रांसफर हो जाते हैं। जब भी कोई समस्या होती है तो स्टाफ आकर शिकायत करता है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कर कार्रवाई की जायेगी। इससे पहले गृह मंत्री ने कहा कि तुमकुरु क्षेत्र में दूसरे हवाई अड्डे का निर्माण फायदेमंद होगा। शहर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने नेलमंगला-कुनिगल मार्ग पर दूसरा हवाई अड्डा बनाने के प्रस्ताव पर टिप्पणी की। तुमकुरु और डबासपेट के बीच एक हवाई अड्डे के निर्माण की व्यवहार्यता के बारे में चर्चा चल रही है। लेकिन ऐसी जानकारी है कि तकनीकी रूप से नेलमंगला-कुनिगल सड़क को प्राथमिकता के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र तुमकुरु में बनाया गया है। 20 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाया जा रहा है और पहले और दूसरे चरण का काम पूरा हो चुका है। 150 से अधिक उद्योग बंद हो गए हैं। एक टाउनशिप का निर्माण किया गया है। एचएएल की हेलीकॉप्टर निर्माण इकाई स्थापित हो गई है। इन सबको ध्यान में रखते हुए हमारा तर्क है कि तुमकुरु के पास दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाना उचित है।

### तुमकुरु ग्रेटर बेंगलूरु का हिस्सा

तुमकुरु का नाम बदलकर बेंगलूरु उत्तरी जिले के रूप में करने की संभावना के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा तुमकुरु ग्रेटर बेंगलूरु का हिस्सा है। महानगर का विस्तार नेलमंगला तक हो गया है। ग्रेटर बेंगलूरु के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। मुझे नहीं पता कि जाति जनगणना को लेकर श्यामनूर शिवशंकरप्पा को क्या परेशानी है। 160 करोड़ की लागत से एक सर्वे कराया गया है। लोगों को पता होना चाहिए कि इसकी जानकारी क्या है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जातीय जनगणना को कैबिनेट में पेश करेंगे। आपत्तियां हैं कि आंतरिक आरक्षण का उचित डेटा नहीं है। यदि जातीय जनगणना प्रकाशित हो जाती है तो इससे आंतरिक आरक्षण को लाभ होगा। सरकार ने आंतरिक आरक्षण लागू करने के अपने इरादे की घोषणा की है। तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में कांग्रेस जीतेगी। उम्मीदवारों के चयन पर केपीसीसी अध्यक्ष और कांग्रेस आलाकमान फैसला लेंगे।

भाजपा का टिकट देने का वादा कर लाखों की ठगी

# धोखाधड़ी के आरोप में प्रहलाद जोशी के भाई के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ बेंगलूरु में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। उनके भाई गोपाल जोशी पर एक महिला से लोकसभा चुनाव में भाजपा का टिकट देने का वादा कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। बेंगलूरु में बसवेश्वरनगर पुलिस ने गोपाल जोशी, उनकी बहन विजयलक्ष्मी जोशी और बेटे अजय जोशी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता की पहचान सुनीता चौहान के तौर पर की गई है, जो पूर्व जेडीएस विधायक देवनंद चौहान की पत्नी हैं। उन्होंने बताया कि गोपाल जोशी ने उनसे बिजपुर क्षेत्र से भाजपा का टिकट दिलवाने का वादा किया था, जिसके लिए महिला ने 25 लाख रुपये भी दिए। एफआईआर में खुलासा किया गया कि गोपाल जोशी ने टिकट के लिए पहले पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। सुनीता चौहान ने जब अपने पैसे वापस करने के लिए गोपाल जोशी पर दबाव बनाया तो उन्हें हमले की धमकियों और जाति आधारित दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। 17 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया और पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक गोपाल जोशी, उनकी बहन और बेटे ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस मामले में केंद्रीय मंत्री के परिजनों के शामिल होने के कारण यह सुर्खियों में है।

# निगम का पैसा खाने वालों के लिए वाल्मीकि जयंती मनाना कितना सही : चलवाडी नारायणस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी ने कहा कि मैसूरु मुडा भूमि आवंटन घोटाले को सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए, तभी सच्चाई सामने आ सकती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर जांच सीबीआई को नहीं सौंपी गयी तो इसमें संदेह है कि मामले को पूरी तरह से रफा-दफा करने की व्यवस्था होगी।



उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेसियों में इंसानियत होती तो वे वाल्मीकि जयंती को पश्चाताप दिवस के रूप में मनाते। उन्होंने मांग की कि हेलीकॉप्टर में सारी फाइलें लोड करने वालों की भी जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। वे इस्तीफा दें अन्यथा, ईडी अधिकारी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करें। मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी इस मानसिकता में आ गई है कि भ्रष्टाचार कोई अपराध नहीं है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भेड़ों की देखभाल के लिए एक भेड़िये को नियुक्त कर दिया है। भले ही आज इतना भ्रष्टाचार हो रहा है, जो लोग जेल से बाहर आ गए हैं वे फल-फूल रहे हैं। गुरुवार को वाल्मीकि जयंती थी। जब सिद्धरामैया ने वाल्मीकि जयंती मनाई तो मुझे शर्म महसूस हुई। चलवाडी नारायणस्वामी ने सवाल उठाया कि जिन्होंने वाल्मीकि निगम का पैसा खा लिया है उनके लिए वाल्मीकि जयंती मनाना कितना सही है। सुबह ई.डी. द्वारा मुडा कार्यालय, तालुक कार्यालय और देवराजू के घर का दौरा किया गया। अधिकारियों ने छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इसका कारण यह है कि तीन बार मुडा की फाइलें मांगने के बावजूद अधिकारियों ने उसे खारिज कर दिया। राज्य सरकार नहीं चाहती कि इस घोटाले का सच सामने आये। मुडा के प्लॉट जरूरत नहीं होने पर भी वापस कर दिये गये। अध्यक्ष रहे मारी गौड़ा को पदोन्नत किया गया है। वहां के अधिकारियों को अलग-अलग विभागों में भेज दिया गया है। उन्होंने विश्लेषण किया कि यह सब दर्शाता है कि मुडा में भारी भ्रष्टाचार है।

सरकार की मंशा मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़े ऐसे घोटाले पर पर्दा डालने की है। पहले एसआईटी को जांच दी गई थी। कोर्ट के आदेश के बावजूद एसआईटी ने केस वापस नहीं लिया है। कहा गया कि आईएएस अधिकारियों की टीम जांच करेगी। लोकायुक्त ने अपना काम भी शुरू कर दिया था। हालाँकि, लोकायुक्त को लेकर मेरे अपने संदेह हैं। अभी तक किसी को बुलाकर जांच नहीं की गई है। उन्होंने यह धारणा व्यक्त की कि संदेह है कि लोकायुक्त अदालती आदेशों से परे इसमें शामिल हैं।

# कांग्रेस ने जोशी की बर्खास्तगी और परिजनों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बेंगलूरु के गांधी भवन में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री जोशी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उनके परिवार के सदस्यों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रहलाद जोशी को इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा एफआईआर में कहा गया है कि उनके परिवार के सदस्यों ने टिकट के बदले 2 करोड़ मांगे। भाजपा हमेशा सिद्धरामैया और कांग्रेस के बारे में बोलती है। एफआईआर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम स्पष्ट रूप से लिखा गया है। वे देश को क्या संदेश दे रहे हैं? वे सिद्धरामैया और कांग्रेस के बारे में मुखर रहे हैं। अब उनके मुंह पर ताला क्यों लगा हुआ है?

# पति की हत्या के आरोप में महिला और उसके दो साथी गिरफ्तार

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बेलगावी शहर की पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कथित तौर पर अपने पति की हत्या की थी। पुलिस ने उमा पद्मन्नावर (42) को गुरुवार देर रात उसकी बेटी संजना (18) की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया, जिसने संदेह जताया था कि उसके पिता संतोष पद्मन्नावर (47) की हत्या की गई है और दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत नहीं हुई है, जैसा की महिला ने दावा किया था। उसकी शिकायत के आधार पर, मालमारुति पुलिस ने मामला दर्ज किया और शव को बाहर निकाला। जबकि पुलिस फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी, उमा से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने दो साथियों शोभित गौड़ा और पवन के साथ मिलकर अपराध किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को कहा उमा और शोभित के बीच अवैध संबंध थे, जो अपराध के पीछे का कारण हो सकता है। पुलिस ने गौड़ा और पवन को मेंगलूरु के तटीय शहर से गिरफ्तार किया, जहां वे हत्या के बाद भाग गए थे और उन्हें मालमारुति पुलिस स्टेशन ले आई। बेलगावी पुलिस आयुक्त इडा मार्टिन मारबानियांग ने बताया, हां, हमने उमा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ हमने उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है। संतोष पद्मन्नावर पैसे उधार देने और रियल एस्टेट के कारोबार में थे। बेंगलूरु में पढ़ने वाली संजना को खबर मिली कि उसके पिता की 9 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जब तक वह बेंगलूरु से लौटी, तब तक शव का अंतिम संस्कार हो चुका था और लिंगायत परंपरा के अनुसार शव को दफनाया गया। उसे बताया गया कि पिता की इच्छा के अनुसार आंखें दान कर दी गई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसे यकीन नहीं हो रहा था कि उसके स्वस्थ पिता की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो सकती है। जब संजना ने घर में कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, तो उसने पाया कि वे डिलीट हो गए हैं। उसे शक हुआ और उसने अपने रिश्तेदारों की मदद से अपनी मां की संलिप्तता पर संदेह जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि पड़ोसी के घर से मिले सीसीटीवी फुटेज में दो लोग उनके घर में घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# कांग्रेस सरकार ने पंचमसाली लिंगायतों के लिए आरक्षण पर बैठक की

### संत ने आंदोलन की चेतावनी दी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को विधान सौधा में पंचमसाली लिंगायतों के लिए 2ए आरक्षण के मुद्दे पर पंचमसाली संत जयमृत्युंजय स्वामीजी के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में भाजपा, कांग्रेस और जद (एस) दलों के समुदाय के नेता शामिल हुए। राज्य में आंदोलन की अगुआई कर रहे जयमृत्युंजय स्वामीजी ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं की गईं तो कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।



मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) और आदिवासी कल्याण घोटालों और राज्य में तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए उप-चुनावों की घोषणा के बीच कांग्रेस सरकार के इस कदम ने बहस छेड़ दी है। बैठक में भाग लेने से पहले मीडिया से बात करते हुए जयमृत्युंजय स्वामीजी ने कहा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के 18 महीने बाद लंबित आरक्षण मुद्दे पर हमें बैठक के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस ने आश्वासन दिया है कि वह पंचमसाली लिंगायतों को आरक्षण प्रदान करेगी। मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया मांग को पूरा करेंगे। यह सिर्फ हमारी मांग नहीं है। यह हमारे अधिकारों को पाने का संकल्प है। पिछले 30 वर्षों से मांग की जा रही है, हम आंदोलन कर रहे हैं। हमें अभी भी अपनी मांग पूरी करवानी है। पिछली भाजपा सरकार ने 2ए श्रेणी के तहत आरक्षण देने की बजाय नई 2डी श्रेणी के तहत आरक्षण देने की घोषणा की थी। स्वामीजी ने कहा कि इसे लागू नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार को पंचमसाली समुदाय का समर्थन प्राप्त है और अब उसे उन्हें वापस देना होगा। हमने हाल ही में बेल-गावी में अधिवक्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था और इसी पृष्ठभूमि में हमें बैठक में बुलाया गया है। स्वामीजी ने कहा मैं सीएम सिद्धरामैया से अपील करता हूं, अब जबकि उनके पास कानूनी और अन्य दस्तावेज हैं, उन्हें पंचमसाली लिंगायतों के लिए 2ए श्रेणी के तहत आरक्षण प्रदान करना चाहिए और केंद्र से पूरे लिंगायत समुदाय को अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) समूह में शामिल करने की सिफारिश करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं और अगर बैठक में हमें नकारात्मक जवाब मिला तो राज्य में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

# निष्पक्ष जांच हो तो मुझसे पहले गिरफ्तार होंगे परमेश्वर: यतनाल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर पुलिस जी परमेश्वर के घोटालों की निष्पक्ष जांच करती तो वह मुझसे पहले ही गिरफ्तार हो गए होते। परमेश्वर ने कहा था कि अगर उन्होंने पुलिस जांच में सहयोग नहीं किया, तो उन्हें गिरफ्तार करना होगा। जिसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए, यतनाल ने कहा कि उनका घोटाला बड़ा है। उन्होंने कहा कि इंतजार कीजिए और देखिए, उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इससे पहले यहां की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गुरुवार को विजयपुरा से भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। वे स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव की पत्नी तबस्सुम राव पर कथित टिप्पणी को लेकर अदालत में पेश नहीं हुए। तबस्सुम राव ने विधायक यतनाल के खिलाफ निजी मामला दायर किया था। विधायक यतनाल ने मंत्री राव की पत्नी तबस्सुम राव पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि आधा पाकिस्तान उनके घर में है। 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) ने 29 अगस्त को उनकी याचिका स्वीकार कर ली थी। उन्होंने विधायक यतनाल



को 16 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया था। हालांकि, विधायक यतनाल पेश नहीं हुए, जिसके बाद अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है। गिरफ्तारी वारंट के साथ पुलिस के पास अब विधायक यतनाल को गिरफ्तार करने का अधिकार है। गत 6 अप्रैल को मीडिया द्वारा पूछे जाने पर विधायक यतनाल ने जवाब देते हुए कहा कि मंत्री राव को भाजपा की आलोचना करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आधा पाकिस्तान उनके घर में है। कानूनी कार्रवाई के अलावा, तबस्सुम राव ने हाल ही में अपने पति से जुड़े गोमांस संबंधी टिप्पणी विवाद के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भाजपा नेता के खिलाफ राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव की पत्नी होने के नाते, मुझे सिर्फ मेरी शादी और मेरे मुस्लिम धर्म के कारण बेवजह हमलों और सांप्रदायिक संदर्भों का सामना करना पड़ा है। मैं आयोग से इस मुद्दे को तुरंत संबोधित करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# कांग्रेस चन्नपट्टना उपचुनाव के लिए डीके सुरेश को पार्टी उम्मीदवार बनाने पर कर रही विचार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव में हाई-प्रोफाइल चन्नपट्टना सीट से पूर्व सांसद और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश को पार्टी उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक तनवीर सैत ने बताया कि संभावना है कि पूर्व सांसद को चन्नपट्टना सीट से पार्टी उम्मीदवार बनाया जाएगा। इस सीट का प्रतिनिधित्व पहले केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी करते थे और यह बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। विधायक सैत ने कहा यह अलग बात है कि डी.के. सुरेश ने कहा



था कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते। पार्टी को उनकी सक्रिय राजनीति जारी रखने की जरूरत है। हम अपनी तरफ से उन पर दबाव बनाएंगे और लोगों की भावनाओं पर भी विचार करेंगे। उसके आधार पर हम उम्मीदवार घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी शिग्गांव और संदूर के लिए अलग मानदंडों के आधार पर निर्णय लेगी, जबकि चन्नपट्टना सीट, जो काफी ध्यान आकर्षित कर रही है, के लिए निर्णय सावधानी से लिया जाएगा। उन्होंने कहा चन्नपट्टना, संदूर और शिग्गांव सीटों के लिए उपचुनाव की घो-षणा होने के बाद, कांग्रेस पार्टी ने इन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। प्रक्रिया जारी है और पार्टी इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त कर रही है।

कांग्रेस विधायक ने आगे कहा कि उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने घोषणा की है कि वह चन्नपट्टना उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार हैं, चाहे कोई भी चुनाव लड़े। सैत ने कहा हम स्थिति के अनुसार उम्मीदवार को मैदान में उतारने के लिए तैयार हैं। हम पांच दिनों में उम्मीदवार की घोषणा करेंगे। बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा सीट का तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले डी.के. सुरेश को 2024 के आम चुनावों में पूर्व पीएम एच.डी. देवेगौड़ा के दामाद सी.एन. मंजूनाथ ने हराया था। मंजूनाथ ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। अब, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि शिवकुमार हार का बदला लेने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने घोषणा की है कि कांग्रेस राज्य में नवंबर में होने वाले आगामी उप-चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# भारी बारिश के कारण धान की कटाई में देरी से किसान संकट में

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मेंगलूरु के तटीय क्षेत्र के किसान लगातार हो रही बारिश से चिंतित हैं, क्योंकि उनकी धान की फसल पर खतरा मंडरा रहा है। फसल कटाई के लिए तैयार है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण वे कटाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें काफी नुकसान होने का खतरा है।

जुलाई में भारी बारिश के कारण कई पौधे सड़ गए, अब किसानों को दुर्गम खेतों और तेजी से सड़ रही घास की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। विज्ञापन पक्षीकेरे के पास पंजा में, जहां कई लोगों ने जून में अपने पौधे लगाए थे, पांच एकड़ धान की फसल तैयार होने के बाद किसान मौसम में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। धान की कीमतों में भी



गिरावट से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। चावल मिल मालिक वर्तमान में 21 से 23 रुपये प्रति किलो की पेशकश कर रहे हैं, जो पिछले साल के 25 रुपये से कम है, क्योंकि वे उत्तरी कर्नाटक से चावल की आमद का हवाला दे रहे हैं। किसान सतीश शेट्टी बैलागुथु ने तत्काल चिंता व्यक्त करते हुए कहा, हम बारिश और धान की कम कीमत के कारण दोनों तरफ से चिंतित हैं। सरकार को हमारे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

# भवानी रेवन्ना को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, अग्रिम जमानत रद्द करने से इनकार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



सुप्रीम कोर्ट ने जेडीएस नेता भवानी रेवन्ना को बड़ी राहत देते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकार रखा। हाईकोर्ट ने भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी थी, जिसके खिलाफ कर्नाटक एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जेडीएस नेता की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और भवानी रेवन्ना को दी गई अग्रिम जमानत में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। भवानी रेवन्ना जेडीएस नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां हैं। प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप हैं। प्रज्वल पर ये भी आरोप हैं कि वे महिलाओं का यौन शौषण करते वक्त खुद ही वीडियो रिकॉर्ड करते थे और बाद में रिकॉर्डिंग दिखाकर महिलाओं को ब्लैकमेल कर बार-बार उनका शोषण करते थे। प्रज्वल रेवन्ना की ये वीडियो अप्रैल में सार्वजनिक हो गईं, जिसके बाद कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रज्वल विदेश चले गए थे, लेकिन बाद में विदेश से लौटने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। भवानी रेवन्ना पर प्रज्वल रेवन्ना के शोषण का शिकार हुई एक महिला का अपहरण करने और उसे प्रताड़ित करने का आरोप है। इसी मामले में हाईकोर्ट ने भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी थी।

### घोटालों में कथित संलिप्तता के कारण

# मुख्यमंत्री को अपने पद से देना चाहिए इस्तीफा: भाजपा नेता

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लाल सिंह आर्य ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री ने मैसूरु मुडा में अपनी सीटें वापस कर घोटाले को स्वीकार कर लिया है।

शिवाजीनगर में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि घोटालों में कथित संलिप्तता के कारण मुख्यमंत्री को अपने पद पर बने नहीं रहना चाहिए। उन्होंने तत्काल इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस पार्टी न केवल दलित विरोधी है, बल्कि आरक्षण विरोधी भी है। कांग्रेस



नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में भाषण देते हुए आरक्षण खत्म करने का इरादा जताया है। उन्होंने कहा कि इससे आरक्षण का विरोध करने वाली कांग्रेस का एक और चेहरा सामने आया है। कांग्रेसियों पर महर्षि वाल्मीकि निगम का फंड हड़पने का आर-ोप लगा है। कांग्रेस के नेहरू, राजीव गांधी, इंदिरा गांधी - ये सभी आरक्षण के खिलाफ बोलते थे। अब राहुल गांधी ने आरक्षण रद्द करने की बात कही है और कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी इतिहास अपनाने का आरोप लगाया है। देशभर में भाजपा के 9 करोड़ से ज्यादा प्राथमिक सदस्य पंजीकृत हैं।

इस अवसर पर विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सीमेंट मंजूनाथ, पूर्व सांसद एस. मुनीस्वामी, एससीसी मोर्चा के राज्य महासचिव महेंद्र कौटाला, उमेश करजोला, एससी मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष हुडी मंजूनाथ और शिवाजीनगर मंडल अध्यक्ष बालाजी मणि, पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वक्फ विधेयक पर बैठक में विपक्षी सांसदों ने जेपीसी अध्यक्ष को दी धमकी दी: तेजस्वी सूर्या

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजस्वी सूर्या ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी सांसदों ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और एक गवाह को धमकी दी और दस्तावेज भी फाड़ दिए। सूर्या ने बताया कि यह घटना 14 अक्टूबर को हुई जब समिति ने कर्नाटक के राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपड्डी को कर्नाटक में वक्फ भूमि घोटाले पर उनकी राय



सुनने के लिए बुलाया था। बेंगलूरु दक्षिण से दो बार के सांसद सूर्या ने बिरला को यह पत्र उस समय लिखा है, जब विपक्ष के सांसदों ने भी लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखा है। जिसमें पाल पर समिति की बैठक के दौरान संसदीय आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया है। सूर्या ने अपने पत्र में लिखा, मणिपड्डी ने 2012 की एक रिपोर्ट पर चर्चा की, जिसमें करीब 2,000 एकड़ वक्फ भूमि के बड़े पैमाने पर अतिक्रमण या बिक्री का आरोप लगाया गया है। इस भूमि की अनुमानित कीमत करीब दो लाख करोड़ रुपये है और इसमें कांग्रेस के कुछ नेताओं सहित निजी संस्थाओं को करोड़ों रुपये दिए गए।

उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही यह मुद्दा समिति के सामने आया है, विपक्षी सांसदों ने बैठक को बाधित किया और गवाह व समिति के अध्यक्ष (जगदंबिका पाल) को मौखिक रूप से धमकी दी और दस्तावेज फाड़ दिए। सूर्या ने बताया कि विपक्षी सांसद गवाह, अध्यक्ष के पास जाकर उन्हें धमकाने का प्रयास किया। उनके नोट्स और कागजात छीनकर फाड़ दिए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार से संसदीय शिष्टाचार का पूरी तरह से उल्लंघन हुआ है। सूर्या ने कहा, इसके बाद विपक्षी सांसद अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए बैठक से बाहर चले गए। सूर्या ने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वह विपक्ष सदस्यों को आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दें और इस असंसदीय व्यवहार के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करें।

# मुडा पर ईडी का हमला राजनीति से प्रेरित: डीके सुरेश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पूर्व सांसद डीके सुरेश ने आर-ोप लगाया है कि मुडा मामले में प्रवर्तन निदेशालय का हमला राजनीति से प्रेरित है। शहर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मामला पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। लोकायुक्त पहले ही मामला दर्ज कर जांच कर रहे हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय का हमला हुआ है।

मामले में कोई वित्तीय लेन-देन नहीं हुआ। उसका कहीं कोई जिक्र नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय ने 15 दिन पहले मामला दर्ज किया था। केंद्र सरकार सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को विपक्षी दलों के खिलाफ हथियार के तौर



पर इस्तेमाल कर रही है। पिछले 10 सालों से कई हमले और मामले आम हो गए हैं। नागेंद्र को हाल ही में ईडी ने गिरफ्तार किया था। अंत में एक दिन उन्हें सच्चाई का एहसास होगा। मैंने चन्नपट्टना विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में भाई डीके शिवकुमार, जो केपीसीसी के अध्यक्ष भी हैं, से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के चयन पर भी चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव में जनता ने हमें मौका दिया है। कांग्रेस चन्नपट्टना निर्वाचन क्षेत्र में एक आश्चर्यजनक उम्मीदवार उतारेगी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पिछले तीन महीने से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जीतने के लिए हर तरह की तैयारी है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के भाइयों पर टिकट के लिए पैसे वसूलने के आरोप में दर्ज मामले पर भाजपा को खुलकर बोलना चाहिए। कांग्रेस के लोग चर्चा करते हैं तो इसे राजनीति कहते हैं। पार्टी नेताओं ने ही शिकायत की है। भाजपा को यह स्पष्ट करने दीजिए।

# शिग्गांव और संदूर निर्वाचन क्षेत्रों में जेडीएस नेताओं की बैठक आज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

उपचुनाव के लिए एनडीए गठबंधन को मजबूत करने की रणनीति के तहत, राज्य जेडीएस नेता शनिवार को शिग्गांव और संदूर विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे और कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक लेंगे। इन बैठकों में जेडीएस विधायक दल के नेता सुरेश बाबू, युवा जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी, पूर्व मंत्री बंदेप्पा काशेमपुरा, वेंकटराव नादगौड़ा और अलकोडे हनुमंथप्पा भाग लेंगे। निखिल कुमारस्वामी ने कहा कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए स्थानीय जेडीएस नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए ये बैठकें आयोजित की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के संकल्प के तहत केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के मार्गदर्शन में बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

# पत्नी व एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर खुद लगाई फांसी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

आंध्र प्रदेश के एक मजदूर ने बेंगलूरु के कोनानाकुंटे में निर्माणाधीन इमारत में कथित तौर पर अपनी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी और फिर खुद को भी फांसी लगा ली।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया पुलुसु गोल्ला ने गुरुवार को अपनी 33 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी गोल्ला और गणेश कुमार (20) नामक एक अन्य व्यक्ति की कथित तौर पर लकड़ी से हमला कर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति ने इसके बाद खुद को भी फांसी लगा ली। तीनों निर्माण मजदूर आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे।

# चांद छूपा बादल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित






**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा यशवंतपुर में स्थित एक होटल के सभागार में गुरुवार को करवा चौथ के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए प्रातः 11 बजे से चांद छूपा बादल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुभाष बंसल, सचिव सतीश गोयल, संजय जालान, बिपिन राम अग्रवाल, संजय तायल, युवा संघ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल और रवि तायल सहित अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीरू तायल, सचिव सुनीति अग्रवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर रंगारंग कार्यक्रम कर शुरुआत की। उसके बाद रंगबिरंगे वेशभूषा में सजी महिलाओं ने नृत्य के साथ राजस्थानी गीतों पर प्रस्तुति से मनोरंजन किया। इस अवसर पर करवा क्वीन मुकाबले, लाख चूड़ी वाला, तम्बोला, हाउजी खेल के साथ अनेक खेल का आयोजन किया गया। सभी को पुरस्कृत किया गया। सभी महिलाओं ने आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, कविता तायल, पूजा जालान, मीरा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, राखी गोयल, सुनीता गुप्ता का सहरानीय सहयोग रहा। लक्की ड्रा विजेत-ाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

शुभ लाभ DAILY

# जहरीली शराब से हुई मौतें आपदा नहीं सरकार द्वारा की गई हत्याएं हैं : सांसद



गया (एजेंसियां)। बिहार के सीवान, सारण और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब से हुई मौतों को लेकर औरंगाबाद के सांसद और राजद संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा ने राज्य सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने इन मौतों को 'आपदा' नहीं, बल्कि 'सरकार द्वारा की गई हत्याएं' करार दिया। सांसद कुशवाहा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में शराबबंदी के बाद कई बार जहरीली शराब से मौतें हो चुकी हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज करती रही है।

सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद जहरीली शराब से लगातार मौतें हो रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब इतनी बड़ी त्रासदी हुई है, लेकिन हर बार राज्य सरकार इसे मामूली घटना की तरह टाल देती है। सरकार सिर्फ थाना प्रभारी या चौकीदार को निलंबित कर दिखावटी कार्रवाई करती है, जबकि असली जिम्मेदार उच्च अधिकारी और राज्य के शीर्ष नेतृत्व हैं, जो इस समस्या को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

सांसद ने कहा कि बिहार सरकार इन मौतों को आपदा बताकर मृतकों के परिवारों को चार लाख रुपये का मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह घटना आपदा नहीं है, बल्कि सरकार की लापरवाही और कुप्रबंधन से हुई हत्याएं हैं। कुशवाहा ने मांग की कि मृतकों के परिवारों को कम से कम 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को इन मौतों की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इसे केवल मुआवजे की औपचारिकता से नहीं निपटना चाहिए।

सांसद कुशवाहा ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी लगातार राज्य सरकार को इस मुद्दे पर आगाह करती रही है। लेकिन एनडीए के नेता हर बार जनता को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इस मामले को लेकर गंभीरता से विचार कर रहे हैं और पार्टी की नजर सरकार की हर कार्रवाई पर बनी रहेगी। कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं भविष्य में दोबारा न हों, और इसके लिए राज्य सरकार को जवाबदेही लेनी ही होगी।

## बिहार के तीन जिलों में जहरीली शराब से अब तक 53 की मौत, 10 गिरफ्तार

पटना (एजेंसियां)। सारण, सीवान और गोपालगंज में जहरीली शराब का कहर जारी है। अब तक तीनों जिले मिलाकर 53 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें सीवान में 39, सारण में 12 और गोपालगंज में दो लोगों की मौत हो चुकी है। 20 से अधिक लोग बीमार हैं। गुरुवार को 30 लोग अस्पताल में ठीक हो गए थे। उन्हें घर भेज दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने तस्करों पर कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। इसके बाद बिहार पुलिस के वरीय अधिकारी सीवान और सारण में कैंप कर रहे हैं।



इधर, सीवान में एसआईटी ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग शराब तस्करी के आरोपी हैं। वहीं सीवान जिला प्रशासन की मानें तो अब तक जितने शवों को पोस्टमार्टम किया गया, उनका बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। इसे साइंस लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब का कहर जारी है। गुरुवार को इन दोनों जिलों में 24 और लोगों की मौत हुई। वहीं गोपालगंज में पिता-पुत्र समेत दो लोगों की मौत हुई है।

वहीं बिहार सरकार के मद्य निषेध व उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा शराबबंदी के सवाल पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि बुड़बक जैसा बात मत कीजिए। शराब माफिया पर सीसीए लगेगा। सीएम नीतीश कुमार से इस बारे में बात करूंगा। दरअसल, पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा कि बिहार में सरेआम शराब बिक रही है? लोग मर रहे हैं। इस पर उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि हत्यारे के लिए मौत की सजा का प्रावधान है। सजा मिलती भी है लेकिन फिर भी हत्याएं तो होती हैं न। सारण-सीवान शराबकांड में थानेदार से लेकर चौकीदार तक पर कार्रवाई की गई है। शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सत्ता संरक्षण में ज़हरीली शराब के कारण करीब 50 लोगों की हत्या कर दी गयी है। दर्जनों की आंखों की रोशनी चली गयी। बिहार में कथित शराबबंदी है लेकिन सत्ताधारी नेताओं-पुलिस और माफिया के गठजोड़ के कारण हर चौक-चौराहों पर शराब उपलब्ध है। जहरीली शराब से, अपराध से प्रतिदिन सैकड़ों बिहारवासी मारे जाते है लेकिन अनैतिक और सिद्धांतहीन राजनीति के पुरोधा मुख्यमंत्री और उनकी किचन कैबिनेट के लिए यह सामान्य बात है।

# शिक्षक हत्याकांड का 50 हजार का इनामी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### दो महीने पहले किया था मर्डर



कोसी (एजेंसियां)। मधेपुरा पुलिस ने शिक्षक मंटूराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी गुरुवार को उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कोसी क्षेत्र के डीआईजी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह द्वारा मोस्ट वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए, जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

विषवाड़ी निवासी शिक्षक मंटूराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई थी। टीम में उदाकिशुनगंज थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, पीटीसी धनंजय कुमार गुप्ता, भर्राही ओपी अध्यक्ष विजय कुमार पासवान एवं तकनीकी शाखा के कर्मी को शामिल किया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना मिली कि 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीपक शर्मा ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के विषवाड़ी गांव पहुंचा हुआ है। सूचना पाकर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दीपक शर्मा को ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के संथाली चौक वार्ड पांच से नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पर उदाकिशुनगंज और ग्वालपाड़ा थाने में हत्या, एससी-एसटी एक्ट, ऑर्म्स एक्ट समेत अन्य मामले दर्ज हैं।

शिक्षक मंटूराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी होने के बाद डीआईजी ने कुख्यात दीपक शर्मा की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। लेकिन मंटूराम हत्याकांड के बाद से यह अपराधी लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। आखिरकार, पुलिस बुधवार की शाम गिरफ्तार करने में सफल रही।

## कुख्यात अपराधी विशाल सिंह को कोर्ट परिसर में मारी गोली, फायरिंग में एक अन्य कैदी भी घायल

पटना (एजेंसियां)। कुख्यात अपराधी व कैदी विशाल सिंह को गोपालगंज में अपराधियों ने गोली मार दी। गोलीबारी में एक कैदी भी घायल हो गया। विशाल सिंह की हालत गंभीर है।

दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि विशाल सिंह किसी मुकदमे की पेशी में गोपालगंज कोर्ट में आया हुआ था। हादसे में एक अन्य कैदी को गोली लगने की सूचना मिल रही है। जैसे ही गोली लगने की सूचना न्यायालय परिसर में फैली कि न्यायालय में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया।

वकील से लेकर केस की पैरवी करने आए लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। कोर्ट परिसर में पहुंची पुलिस सभी लोगों को कोर्ट परिसर से हटा रही है, लेकिन विशाल सिंह के समर्थक वहां से हटने का नाम नहीं ले रहे हैं।

वहीं दो अपराधियों के पकड़े जाने की भी सूचना मिल रही है। गोलीबारी की जानकारी मिलते ही एसपी और सदर एसडीपीओ कोर्ट परिसर में पहुंच गए हैं। हालांकि एक अन्य कैदी की भी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। विशाल सिंह पिछले चार वर्षों से जेल में बंद है। उसके ऊपर दो दर्जन से अधिक हत्या, लूट फिरौती सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं।

### दो बस और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत

# भीषण हादसे में दो महिलाओं की मौत, 12 लोग घायल

पटना (एजेंसियां)। औरंगाबाद के दाउदनगर में दाउदनगर-गया पथ पर मंडल उप कारा के पास शुक्रवार की दोपहर तीन वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दाउदनगर से एक निजी बस तेज गति से गोह की ओर जा रही थी। इसी दौरान दाउदनगर मंडल उप कारा के पास बस की सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे बस से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पीछे से आ रहे तेज गति में आ रहे हाईवा ने भी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।



मरने वालों में दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर जेसीबी लाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को खड़ा किए जाने के बाद घायलों को बस से निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान एवं एसआई आरती कुमारी सदल बल मौके पर पहुंचीं और जांच में जुट गईं।

आननफानन में पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर के अनुमंडल अस्पताल लाया। यहां कुछ को प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। शेष का दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने के साथ ही मृत महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# दरभंगा में कपड़ा व्यवसाई हत्याकांड का खुलासा

## गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताई चौंकाने वाली बात

दरभंगा (एजेंसियां)। दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में हुई कपड़ा व्यवसाई की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए आरोपी आनंद मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मृतक के मोबाइल को भी गोताखोरों की मदद से तालाब से निकाल लिया गया है। कमतौल डीएसपी ज्योति कुमारी ने पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी ने बताया कि मृतक के साथ अपनी बहन को आपत्तिजनक हालत में देखा था। इस वजह से वह अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था।



बता दें कि 15 अक्टूबर को चमनपुर गांव में तालाब में उफनाता हुआ एक युवक का शव मिला था। उसकी पहचान दुर्गा प्रसाद गुप्ता के व्यवसाई पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई थी। इस मामले को लेकर मृतक के भाई में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था, 15 अक्टूबर की रात को मनीष के मोबाइल पर किसी का फोन आने के बाद वह घर से बाइक लेकर निकला था। जब वह सुबह तक नहीं लौटा और उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिल रहा था। परिजनों ने काफी खोजबिन करने के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

लापता होने के दो दिनों बाद तालाब में उफनाता हुआ शव मिलने पर कपड़े से उसकी पहचान हुई थी। क्योंकि हत्यारों ने उसके चेहरे पर गम्भीर जख्म के निशान मिले थे। जबकि शव मिलने वाले स्थान से करीब 500 मीटर दूर मृतक बाइक बरामद किया गया था।

इस संबंध में कमतौल डीएसपी ज्योति कुमारी ने बताया कि कपड़ा व्यवसाई हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया गया है। इस मामले के आरोपी आनंद मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पूछताछ में बताया कि मृतक के वह अपनी बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस वजह से वह अपने भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि अभी पूछताछ जारी है। इसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## रेप-भ्रष्टाचार के आरोप से चर्चित आईएएस संजीव हंस के ठिकानों पर ईडी की रेड

### बाहरी लोगों की इंट्री बंद

पटना (एजेंसियां)। सीनियर आईएएस अधिकारी संजीव हंस के ठिकाने पर एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की है। टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर संजीवा हंस के चार ठिकानों पर रेड की है। इतना ही नहीं संजीव हंस से जुड़े लोगों के तीन-तीन अलग ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। इस कारण संजीव हंस और करीबीयों में हड़कंप मच गया। घर के अंदर बाहर से आने वाले लोगों की इंट्री बंद कर दी गई है। ईडी के अधिकारी तलाशी ले रहे हैं।



बता दें कि कुछ माह पहले ही गैंगरेप केस के आरोपी संजीव हंस और गुलाब यादव के पटना, पुणे, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, पंजाब समेत देश के दर्जनभर ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने दोनों के खिलाफ पीएमएलए के तहत पहले से ही केस दर्ज कर रखा है।

तीन माह पहले आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व एमएलए गुलाब यादव केस में नया मोड़ तब आया था प्रवर्तन निदेशालय (ए) ने केस करने वाली महिला को पूछताछ के लिए बुलाया था।

ईडी की टीम ने महिला को इसके लिए नोटिस भी भेज दिया था। उन्हें पटना स्थित ईडी कार्यालय में आकर अधिकारियों के सवालों का जवाब देना था। ईडी के अनुसार, आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला से पूछताछ हुई। ताकि इस केस में सारे जानकारी स्पष्ट हो सके।

## मुंगेर में झील में उतराता मिला युवक का शव

मुंगेर (एजेंसियां)। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर झील के दक्षिणी छोर पर शुक्रवार को एक युवक का शव पानी में उतराता हुआ मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा और उनकी टीम ने शव को अपने कब्जे में लिया और पहचान की कोशिश में जुट गए। शव की पहचान छोटकी फुलवरिया गांव निवासी वीरेंद्र किस्कू के बेटे सिकंदर किस्कू (35) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक सिकंदर किस्कू 12 तारीख की रात से लापता था। परिजनों ने कई दिनों तक उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सिकंदर के भाई कुंदन किस्कू ने बताया कि उनका भाई मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज पटना में चल रहा था। शव मिलने के बाद, उन्होंने थाने में आकर पुलिस द्वारा ली गई तस्वीरों से सिकंदर की पहचान की।

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में हिंसा या संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले हैं, लेकिन पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। बताया जा रहा है कि सिकंदर मजदूरी करता था और उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। पुलिस इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## गिरिराज सिंह लोकतंत्र को नहीं मान रहे, इसलिए निकाल रहे हिंदू जागरण यात्रा : आनंद मोहन

मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के कद्दावर हिंदूवादी नेता गिरिराज सिंह के हिंदू जागरण यात्रा पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, उनकी यह यात्रा आपसी सौहार्द को खराब करने वाला है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज के द्वारा हिंदुओं को एकजुट करने को लेकर हिंदू जागरण यात्रा निकाला जा रहा है।



बता दें कि मुजफ्फरपुर जिले के एक प्रतिष्ठान के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व सांसद आनंद मोहन ने बड़ा बयान देते हुए कहा, अगर हिंदुओं को एक करना हो और हिंदू जागरण यात्रा निकालनी हो तो निकालें और एक करें। किंतु किसी दूसरे समुदाय के मोहल्ले से होकर क्यों निकाल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जब शपथ लिए थे तो क्या किसी धर्म विशेष को ही बढ़ावा देने के लिए थे। वो ऐसे में उन्हें इस पर विचार करने चाहिए और इस तरह की यात्रा कुछ और नहीं, बल्कि समुदाय विशेष के नाम पर लोगों के बीच आपसी वैमनस्यता को पैदा करने वाला है। इस दौरान में पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा, गिरिराज सिंह का यह कदम बिल्कुल भी देश की गणराज्य और लोकतांत्रिक व्यवस्था को आघात पहुंचाने वाला है। ऐसे जागरण यात्रा से दो समुदाय में विवाद बढ़ता है और तनाव भी इसके कारण दंगा बढ़ सकता है। राज्य सरकार को इस दिशा में कार्य करते हुए इस तरह की हिंदू जागरण यात्रा पर रोक लगा देनी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com